C 82945

(Pages : 3)

Name.............................. 10

Reg. No..............................

SECOND SEMESTER B.Sc. (L.R.P.) DEGREE EXAMINATION, MAY 2015

(CUCBCSS–UG)

Common Course – Hindi

A 09 (3) – LITERATURE IN HINDI

Time : Three Hours

Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ट उत्तर लिखिए (प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के **सभी** प्रश्नों के उत्तर **अनिवार्य** हैं ।) :-

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1. कबीर की वाणियों का संग्रह कौन-सा है?

(साहित्य लहरी, बीजक, कवितावली, गीतावली)

2. इनमें मैथिलीशरण गुप्त की रचना कौन-सी है?

(वीणा, सरोज स्कृति, साकेत, कामायनी)

3. 'बीस साल बाद' का कवि कौन है?

(मुक्तिबोध, धूमिल, पंत सर्वेश्वरदयाल सक्सेना)

4. 'मवाली' का रचयिता कौन है?

(प्रसाद, प्रेमचंद, मोहन राकेश, भीष्म साहनी)

5. इनमें कमलेश्वर की कहानी कौन-सी है?

(बाप-बेटा, ममता, आदमी का बच्चा, दिल्ली में एक मौत)

(ख) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

6. 'भोलाराम का जीव' का रचयिता कौन है?

7. अतुल मवानी किस कहानी का पात्र है?

8. 'अपना-पराया' किसकी लिखी कहानी है?

9. सूरदास के गुरु कौन थे?

10. 'ताज' कविता का कवि कौन है?

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :-

11. सराय में ठहरनेवाले सैनिक की नींद में कैसे बाधा उपस्थित हुई?

12. डौली के माली की कोठरी में जाने से मंमा क्यों भयभीत थी?

Turn over

13. चित्रगुप्त क्यों परेशान हो जाता है?
14. सरदार के लिए नौकर को मक्खन लाने जाते देखकर कथावाचक क्यों आश्वस्त होता है?
15. विरह के संबंध में कबीर की क्या राय है?
16. 'बहिरो सुने मूक पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराई' – इस पंक्ति का क्या मतलब है?
17. मैथिलीशरण गुप्त की दृष्टि में पशु और मनुष्य में क्या अंतर है?
18. ''काटेंगें उसे जो, फिर वही उसक बोयेंगे
हम तो कहीं धरती के नीचे दबे सोयेंगे ।''
– ये पक्तियाँ किस कविता की है और इसका कवि कौन है?
19. 'शोकगीत' की कवयित्री एक उत्कृष्ट कविता या कहानी लिखने में क्यों असमर्थ हो गयी?
20. 'नए इलाके में' कविता के द्वारा कवि क्या व्यक्त करना चाहता है?
21. 'एक औरत बालकनी में आधी रात खडी हुई इंतज़ार करती है ।' – इस पंक्ति का कवि कौन है? यहाँ औरत इंतज़ार करती है?
22. ''हुजूर गरीब है । कुछ घंटों की बात है, सबेरे होते वह भी अपना रास्ता लेगी ।'' यह प्रसंग किस कहानी क वाक्य कौन किससे कहता है?

(10 × 2 = 20 r

III. किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए :–

23. 'आदमी का बच्चा' कहानी के बग्गा साहब का परिचय दीजिए ।
24. 'भोलाराम का जीव' कहानी का व्यंग्य समझाइए ।
25. 'दिल्ली में एक मौत' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।
26. 'ताज' कविता में अभिव्यक्त प्रगतिशील विचारों का विवेचना कीजिए ।
27. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :
चकई बिछुरी रैंनि की, आई मिलै परभाति ।
जे नर बिछुरे राम सौं, ते दिन मिले न राति ।।
28. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

अब यही है उपाय कि हर दरवाजा खटखटाओ
और पूछो –
क्या यही है वो घर?
समय बहुत कम है तुम्हारे पास
आ चला पानी ढहा आ रहा अकास
शायद पुकार ले कोई पहचाना ऊपर से देखकर ।

(4 × 5 = 20 n

11

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :–

29. 'बीस साल बाद' कविता आज़ादी से मोहभंग को रूपायित करती है – इस कथन की सार्थकता पर विचार कीजिए ।

30. 'औरतें' कतिवा में कवि ने व्यंग्यात्मक रूप से स्त्रियों की बिडंबनात्मक स्थितियों को किस प्रकार व्यक्त किया है?

31. 'अपना-पराया' कहानी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

(2 × 15 = 30 marks)